**प्रेस नोट** **दिनांक 28.07.2026**

## शातिर अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से 01अदद अवैध तंमचा बरामद-

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी घोसी श्री जितेन्द्र के नेतृत्व में थाना घोसी पुलिस द्वारा दिनांक 28.07.2026 द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पियवां ताल मोड़ के पास मु0अ0स0 320/26 धारा 3/25 आर्म एक्ट से संबंधित अभियुक्त मयंक सिंह पुत्र स्व0 सुनील सिंह निवासी रामपुर खजुरही थाना घोसी जनपद मऊ के कब्जे से 01 अदद नाजायज पिस्टल व 01 अदद जिन्दा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया, तथा चालान न्यायालय किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. अभियुक्त मयंक सिंह पुत्र स्व0 सुनील सिंह निवासी रामपुर खजुरही थाना घोसी जनपद मऊ

**पंजीकृत अभियोंग-**

1. मु0अ0स0 320/26 धारा 3/25 आर्म एक्ट

**बरामदगी-**

1. 01 अदद नाजायज पिस्टल 315 बोर
2. 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

## अनुचित साधनो का उपयोंग कर परीक्षा देने वाला वाछिंत 01 अभियक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में दिनांक 28.07.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा

## मिशन शक्ति संवाद सम्मान कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं समाजसेवियों व पुलिसकर्मियो का हुआ सम्मान-

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत हिंदुस्तान द्वारा आयोजित "मिशन शक्ति संवाद सम्मान" कार्यक्रम में जनपद की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं समाजसेवियों व पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी मऊ श्री आनन्द वर्धन एवं पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता प्रदान करना है। समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाली महिलाओं का सम्मान करना अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

पुलिस अधीक्षक मऊ ने अपने संबोधन में कहा कि महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण उत्तर प्रदेश पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने महिलाओं से निर्भीक होकर आगे बढ़ने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस हेल्पलाइन एवं स्थानीय पुलिस से तत्काल संपर्क करने की अपील की। साथ ही उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सेवा, महिला सशक्तिकरण एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपस्थित जनसमूह ने सम्मानित महिलाओं का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों द्वारा महिला सशक्तिकरण के प्रति सामूहिक संकल्प व्यक्त करने तथा समाज में महिलाओं के सम्मान एवं सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के आह्वान के साथ हुआ।

इस दौरान कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी श्री प्रवेन्द्र कुमार,मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव एवं अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार,  जिला प्रोवेशन अधिकारी श्रीमती श्वेता त्रिपाठी व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

**जिलाधिकारी मऊ श्री आनन्द वर्धन एवं पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर द्वार प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित-**

कम्युनिटी हॉल, मऊ में दैनिक जागरण द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी मऊ एवं पुलिस अधीक्षक मऊ ने प्रतिभाग किया तथा विभिन्न विद्यालयों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मऊ ने कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान उनके परिश्रम का सम्मान है तथा इससे अन्य छात्र-छात्राओं को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलती है।

पुलिस अधीक्षक मऊ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन, परिश्रम एवं सकारात्मक सोच सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहने, कानून का सम्मान करने तथा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों एवं अतिथियों ने सम्मानित विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रेस नोट

28/07/2026

**जनपद मऊ पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही–**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न थानो द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अलग-अलग स्थानों से अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी व विभिन्न मामलों में वारंटी अभियुक्त को भी गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

**थानावार कार्यवाही का विवरण –**

1. थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्तगण 1. दीपन यादव पुत्र झिन्नू यादव निवासी, 2. बेलाल यादव पुत्रगण झिन्नू यादव निवासी पतजीवा थाना दोहरीघाट जनपद मऊ गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया।

**गुम/खोये हुए कुल 01 अदद मोबाइल फोन कीमत लगभग 23999/- साइबर पुलिस टीम थाना दक्षिण टोला जनपद मऊ द्वारा वापस कराया गया-**

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में द्वारा गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना दक्षिण टोला पुलिस द्वारा आज दिनांक 28.07.2026 को गुम हुए 01 अदद मोबाइल फोन पीडित, राजन सोनकर पुत्र मुन्शी सोनकर निवासी हरिकेशपुर थाना दक्षिण टोला जनपद मऊ द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बरामद कर उसके मालिक तस्दीक कर सुपुर्द किया गया।

मऊ पुलिस आमजन से अपील करती है किं मोबाइल फोन गुम होने की स्थिति में तत्काल CEIR पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराये अथवा साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर सम्पर्क करें जिससे त्वरित कार्यवाही कर गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी सुनिश्चित की जा सके।